**WRAP Exams · wrapexams.com**

Prelims PYQ, Mains model answers, and copy evaluation. Write to the desk for this paper, a doubt, or the AI waitlist.

**ask@wrapexams.com · +91 85951 84903 · wrapexams.com**

# Official question paper

This file is the official paper. WRAP Exams also publishes a compiled questions PDF for the same year: each question has a Solution link, and the last pages are a designed compiled answer key.

### Answer key at the end of this PDF

Attempt the paper first. After the last question, this pack closes with a compiled answer key: official letters in boxed exam order, then a question-wise list with Solution links to WRAP Exams.

wrapexams.com

WRAP Exams · Write. Read. Analyse. Practice. · https://wrapexams.com/ · ask@wrapexams.com · wrapexams.com

WRAP Exams

CS (MAIN) EXAM:2018

EGT-G-GSF

# सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

## प्रश्न-पत्र IV / Paper IV

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

---

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **बारह** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए ।*

*प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **TWELVE** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both, in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

***All** questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Keep the word limit indicated in the questions in mind.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---



WRAP Exams

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) सिविल सेवाओं के संदर्भ में सार्विक प्रकृति के, तीन आधारिक मूल्यों का कथन कीजिए और उनके महत्त्व को उजागर कीजिए । (150 शब्द)

State the three basic values, universal in nature, in the context of civil services and bring out their importance. (150 words) *10*

(b) उपयुक्त उदाहरणों सहित "सदाचार-संहिता" और "आचार-संहिता" के बीच विभेदन कीजिए । (150 शब्द)

Distinguish between "Code of ethics" and "Code of conduct" with suitable examples. (150 words) *10*

**Q2.** (a) लोकहित से क्या अभिप्राय है ? सिविल कर्मचारियों द्वारा लोकहित में कौन-कौन से सिद्धांतों और कार्यविधियों का अनुसरण किया जाना चाहिए ? (150 शब्द)

What is meant by public interest ? What are the principles and procedures to be followed by the civil servants in public interest ?

(150 words) *10*

(b) "सूचना का अधिकार अधिनियम केवल नागरिकों के सशक्तिकरण के बारे में ही नहीं है, अपितु यह आवश्यक रूप से जवाबदेही की संकल्पना को पुनःपरिभाषित करता है ।" विवेचना कीजिए । (150 शब्द)

"The Right to Information Act is not all about citizens' empowerment alone, it essentially redefines the concept of accountability." Discuss.

(150 words) *10*

**Q3.** (a) हित-विरोधिता से क्या तात्पर्य है ? वास्तविक और संभावित हित-विरोधिताओं के बीच के अंतर को उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए । (150 शब्द)

What is meant by conflict of interest ? Illustrate with examples, the difference between the actual and potential conflicts of interest.

(150 words) *10*



WRAP Exams

(b) "नियुक्ति के लिए व्यक्तियों की खोज करते समय आप तीन गुणों को खोजते हैं : सत्यनिष्ठा, बुद्धिमत्ता और ऊर्जा । यदि उनमें पहला गुण नहीं है, तो अन्य दो गुण आपको समाप्त कर देंगे ।" — वॉरेन बफेट

वर्तमान परिदृश्य में इस कथन से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए । (150 शब्द)

"In looking for people to hire, you look for three qualities : integrity, intelligence and energy. And if they do not have the first, the other two will kill you." — Warren Buffett

What do you understand by this statement in the present-day scenario ? Explain. (150 words) *10*

**Q4.** (a) "अच्छा कार्य करने में, वह सब कुछ अनुमत होता है जिसको अभिव्यक्ति के द्वारा या स्पष्ट निहितार्थ के द्वारा निषिद्ध न किया गया हो ।" एक लोक सेवक द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के संदर्भ में, इस कथन का उपयुक्त उदाहरणों सहित परीक्षण कीजिए । (150 शब्द)

"In doing a good thing, everything is permitted which is not prohibited expressly or by clear implication." Examine the statement with suitable examples in the context of a public servant discharging his/her duties. (150 words) *10*

(b) कार्यवाहियों की नैतिकता के संबंध में एक दृष्टिकोण तो यह है, कि साधन सर्वोपरि महत्त्व के होते हैं और दूसरा दृष्टिकोण यह है कि परिणाम साधनों को उचित सिद्ध करते हैं । आपके विचार में इनमें से कौन-सा दृष्टिकोण अपेक्षाकृत अधिक उपयुक्त है ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क पेश कीजिए । (150 शब्द)

With regard to morality of actions, one view is that means are of paramount importance and the other view is that the ends justify the means. Which view do you think is more appropriate ? Justify your answer. (150 words) *10*

**Q5.** (a) मान लीजिए कि भारत सरकार एक ऐसी पर्वतीय घाटी में एक बाँध का निर्माण करने की सोच रही है, जो जंगलों से घिरी है और जहाँ नृजातीय समुदाय रहते हैं । अप्रत्याशित आकस्मिकताओं से निपटने के लिए सरकार को कौन-सी तर्कसंगत नीति का सहारा लेना चाहिए ? (150 शब्द)

Suppose the Government of India is thinking of constructing a dam in a mountain valley bound by forests and inhabited by ethnic communities. What rational policy should it resort to in dealing with unforeseen contingencies ? (150 words) *10*

(b) लोक प्रशासन में नैतिक दुविधाओं का समाधान करने के प्रक्रम को स्पष्ट कीजिए । (150 शब्द)

Explain the process of resolving ethical dilemmas in Public Administration. (150 words) 10

**Q6.** वर्तमान संदर्भ में निम्नलिखित में से प्रत्येक उद्धरण का आपके विचार से क्या अभिप्राय है ?

What do each of the following quotations mean to you in the present context ?

(a) "किसी भी बात को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का निर्धारण करने में सही नियम यह नहीं है कि उसमें कोई बुराई है या नहीं; बल्कि यह है कि उसमें अच्छाई से अधिक बुराई है । ऐसे बहुत कम विषय होते हैं जो पूरी तरह बुरे या अच्छे होते हैं । लगभग सभी विषय, विशेषकर सरकारी नीति से संबंधित, अच्छाई और बुराई दोनों के अविच्छेदनीय योग होते हैं; ताकि इन दोनों के बीच प्रधानता के बारे में हमारे सर्वोत्तम निर्णय की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है ।" — अब्राहम लिंकन (150 शब्द)

"The true rule, in determining to embrace, or reject any thing, is not whether it has any evil in it; but whether it has more evil than good. There are few things wholly evil or wholly good. Almost every thing, especially of governmental policy, is an inseparable compound of the two; so that our best judgment of the preponderance between them is continually demanded." — Abraham Lincoln (150 words) 10

(b) "क्रोध और असहिष्णुता सही समझ के शत्रु हैं ।" — महात्मा गाँधी (150 शब्द)

"Anger and intolerance are the enemies of correct understanding." — Mahatma Gandhi (150 words) 10

(c) "असत्य भी सत्य का स्थान ले लेता है यदि उसका परिणाम निष्कलंक सार्वजनिक कल्याण हो ।" — तिरुक्कुरल (150 शब्द)

"Falsehood takes the place of truth when it results in unblemished common good." — Tirukkural (150 words) 10

## खण्ड B

## SECTION B

**Q7.** राकेश जिला स्तर का एक ज़िम्मेदार अधिकारी है, जिस पर उसके उच्च अधिकारी भरोसा करते हैं । उसकी ईमानदारी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने उसे बरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल योजना के लाभार्थियों की पहचान करने का दायित्व सौंपा है ।

लाभार्थी होने के लिए निम्नलिखित कसौटियाँ हैं :

(अ) 60 वर्ष की या उससे अधिक आयु हो ।

(ब) किसी आरक्षित समुदाय से संबंधित हो ।

(स) परिवार की वार्षिक आय ₹ 1 लाख से कम हो ।

(द) इलाज के बाद लाभार्थी के जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक अंतर होने की प्रबल सम्भावना हो ।

एक दिन एक वृद्ध दंपति राकेश के कार्यालय में योजना के लाभ के लिए आवेदन-पत्र ले कर आया । वे उसके जिले के एक गाँव में जन्म से रहते आए हैं । वृद्ध व्यक्ति की बड़ी आँत में एक ऐसे विरले विकार का पता लगा जिससे उसमें रुकावट पैदा होती है । परिणामस्वरूप, उसके पेट में बार-बार तीव्र पीड़ा होती है जिससे वह कोई शारीरिक श्रम नहीं कर सकता है । वृद्ध दंपति की देखरेख करने के लिए कोई संतान नहीं है । एक विशेषज्ञ शल्य चिकित्सक, जिससे वे मिले हैं, बिना फीस के उनकी शल्य चिकित्सा करने को तैयार है । फिर भी, उस वृद्ध दंपति को आकस्मिक व्यय, जैसे दवाइयाँ, अस्पताल का खर्च, आदि जो लगभग ₹ 1 लाख होगा, स्वयं ही वहन करना पड़ेगा । दंपति मानक 'ब' के अलावा योजना का लाभ प्राप्त करने की सारी कसौटियाँ पूरी करता है । फिर भी, किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता निश्चित तौर पर उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी अंतर पैदा करेगी । राकेश को इस परिस्थिति में क्या अनुक्रिया करनी चाहिए ? (250 शब्द)

Rakesh is a responsible district level officer, who enjoys the trust of his higher officials. Knowing his honesty, the government entrusted him with the responsibility of identifying the beneficiaries under a healthcare scheme meant for senior citizens.

The criteria to be a beneficiary are the following :

(a) 60 years of age or above.

(b) Belonging to a reserved community.

(c) Family income of less than ₹ 1 lakh per annum.

(d) Post-treatment prognosis is likely to be high to make a positive difference to the quality of life of the beneficiary.

One day, an old couple visited Rakesh's office with their application. They have been the residents of a village in his district since their birth. The old man is diagnosed with a rare condition that causes obstruction in the large intestine. As a consequence, he has severe abdominal pain frequently that prevents him from doing any physical labour. The couple have no children to support them. The expert surgeon whom they contacted is willing to do the surgery without charging any fee. However, the couple will have to bear the cost of incidental charges, such as medicines, hospitalization, etc., to the tune of ₹ 1 lakh. The couple fulfills all the criteria except criterion 'b'. However, any financial aid would certainly make a significant difference in their quality of life.

How should Rakesh respond to the situation ? (250 words) *20*

**Q8.** अपने मंत्रालय में एक वरिष्ठ अधिकारी होने के नाते आपकी पहुँच महत्त्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों तथा आने वाली बड़ी घोषणाओं, जैसे सड़क निर्माण परियोजनाएँ, तक जनता के अधिकार-क्षेत्र में जाने से पहले हो जाती है । मंत्रालय एक बड़ी सड़क निर्माण योजना की घोषणा करने वाला है जिसके लिए ख़ाके तैयार हो चुके हैं । नियोजकों ने इस बात का पूरा ध्यान रखा है कि सरकारी भूमि का अधिक-से-अधिक उपयोग किया जाए ताकि निजी भूमि का कम-से-कम अधिग्रहण करना पड़े । निजी भूमि के मालिकों के लिए क्षतिपूर्ति की दरें भी सरकारी नियमों के अनुसार निर्धारित कर ली गई हैं । निर्वनीकरण कम-से-कम हो इसका भी ध्यान रखा गया है । ऐसी आशा है कि परियोजना की घोषणा होते ही उस क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र की भूमि की कीमतों में भारी उछाल आएगी ।

इसी बीच, संबंधित मंत्री ने आपसे आग्रह किया कि सड़क का पुन:संरेखण इस प्रकार किया जाए जिससे सड़क मंत्री के 20 एकड़ के फार्म हाउस के पास से निकले । इसके साथ ही मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि वह आपकी पत्नी के नाम, प्रस्तावित बड़ी सड़क परियोजना के आसपास एक बड़ा भूखण्ड प्रचलित दरों पर जो कि नाममात्र की हैं, क्रय करने में सहायता करेंगे । मंत्री ने आपको यह भी विश्वास दिलाने का प्रयास किया कि इसमें कोई नुकसान नहीं है क्योंकि भूमि वैधानिक रूप से खरीदी जा रही है । वह आपसे यह भी वादा करता है कि यदि आपके पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, तो उसकी पूर्ति में भी आपकी सहायता करेगा । लेकिन सड़क के पुन:संरेखण में बहुत-सी कृषि-योग्य भूमि का अधिग्रहण करना पड़ेगा, जिससे सरकार पर काफी वित्तीय भार पड़ेगा, तथा किसान भी विस्थापित होंगे । केवल यह ही नहीं, इसके चलते बहुत सारे पेड़ों को भी कटवाना पड़ेगा, जिससे पूरे क्षेत्र का हरित आवरण समाप्त हो जाएगा ।

इस परिस्थिति का सामना होने पर आप क्या करेंगे ? विभिन्न प्रकार के हित-द्वन्द्वों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए तथा स्पष्ट कीजिए कि एक लोक सेवक होने के नाते आपके क्या दायित्व हैं । (250 शब्द)

As a senior officer in the Ministry, you have access to important policy decisions and upcoming big announcements such as road construction projects before they are notified in the public domain. The Ministry is about to announce a mega road project for which the drawings are already in place. Sufficient care was taken by the planners to make use of the government land with minimum land acquisition from private parties. Compensation rate for private parties was also finalized as per government rules. Care was also taken to minimize deforestation. Once the project is announced, it is expected that there will be a huge spurt in real estate prices in and around that area.

Meanwhile, the Minister concerned insists that you realign the road in such a way that it comes closer to his 20 acres farm house. He also suggests that he would facilitate purchase of a big plot of land in your wife's name at the prevailing rate which is very nominal, in and around the proposed mega road project. He also tries to convince you by saying that there is no harm in it as he is buying the land legally. He even promises to supplement your savings in case you do not have sufficient funds to buy the land. However, by the act of realignment, a lot of agricultural land has to be acquired, thereby causing considerable financial burden on the government, and also displacement of the farmers. As if this is not enough, it will involve cutting down of a large number of trees, denuding the area of its green cover.

Faced with this situation, what will you do ? Critically examine various conflicts of interest and explain what are your responsibilities as a public servant. (250 words) *20*

**Q9.** यह एक राज्य है जिसमें शराबबंदी लागू है । अभी-अभी आपको इस राज्य के एक ऐसे जिले में पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है जो अवैध शराब बनाने के लिए कुख्यात है । अवैध शराब से बहुत मौतें हो जाती हैं, कुछ रिपोर्ट की जाती हैं और कुछ नहीं, जिससे जिला अधिकारियों को बड़ी समस्या होती है ।

अभी तक इसे क़ानून और व्यवस्था की समस्या के दृष्टिकोण से देखा जाता रहा है और उसी तरह इसका सामना किया जाता रहा है । छापे, गिरफ़्तारियाँ, पुलिस के मुक़दमे, आपराधिक मुक़दमे – इन सभी का केवल सीमित प्रभाव रहा है । समस्या हमेशा की तरह अभी भी गंभीर बनी हुई है ।

आपके निरीक्षणों से पता चलता है कि जिले के जिन क्षेत्रों में शराब बनाने का कार्य फल-फूल रहा है, वे आर्थिक, औद्योगिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े हैं । अपर्याप्त सिंचाई सुविधाओं का कृषि पर बुरा प्रभाव पड़ता है । विभिन्न समुदायों में बार-बार होने वाले टकराव अवैध शराब निर्माण को बढ़ावा देते हैं । अतीत में लोगों के हालात में सुधार लाने के लिए न तो सरकार के द्वारा और न ही सामाजिक संगठनों के द्वारा कोई महत्त्वपूर्ण पहलें की गई हैं ।

समस्या को नियंत्रित करने के लिए आप कौन-सा नया उपागम अपनाएँगे ? (250 शब्द)

It is a State where prohibition is in force. You are recently appointed as the Superintendent of Police of a district notorious for illicit distillation of liquor. The illicit liquor leads to many deaths, reported and unreported, and causes a major problem for the district authorities.

The approach till now had been to view it as a law and order problem and tackle it accordingly. Raids, arrests, police cases, criminal trials – all these had only limited impact. The problem remains as serious as ever.

Your inspections show that the parts of the district where the distillation flourishes are economically, industrially and educationally backward. Agriculture is badly affected by poor irrigation facilities. Frequent clashes among communities gave boost to illicit distillation. No major initiatives had taken place in the past either from the government's side or from social organizations to improve the lot of the people.

Which new approach will you adopt to bring the problem under control ? (250 words) *20*

**Q10.** एक बड़ा औद्योगिक परिवार बड़े पैमाने पर औद्योगिक रसायनों के उत्पादन में संलग्न है । यह परिवार एक अतिरिक्त इकाई स्थापित करना चाहता है । पर्यावरण पर दुष्प्रभाव के कारण अनेक राज्यों ने इसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया । किन्तु एक राज्य सरकार ने, सारे विरोध को दरकिनार करते हुए, औद्योगिक परिवार की प्रार्थना को स्वीकार कर लिया और एक नगर के समीप इकाई स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी ।

इकाई को 10 वर्ष पूर्व स्थापित कर दिया था और अभी तक बहुत सुचारु रूप से चल रही थी । औद्योगिक बहि:स्रावों से पैदा हुए प्रदूषण से क्षेत्र में भूमि, जल और फ़सलों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा था । इससे मनुष्यों तथा पशुओं में गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी आ रही थीं । परिणामस्वरूप, इकाई को बंद करने की माँग को ले कर शृंखलाबद्ध आंदोलन होने लगे । अभी-अभी एक आंदोलन में हज़ारों लोगों ने भाग लिया जिससे पैदा हुई गंभीर क़ानून और व्यवस्था की समस्या से निपटने के लिए पुलिस को सख़्त कदम लेने पड़े । जनाक्रोश के पश्चात् राज्य सरकार ने फ़ैक्टरी को बंद करने का आदेश दे दिया ।

फ़ैक्टरी के बंद होने के परिणामस्वरूप न केवल वहाँ काम करने वाले श्रमिक ही बेरोज़गार हुए अपितु सहायक इकाइयों के कामगार भी बेरोज़गार हो गए । इससे उन उद्योगों पर भी बुरा प्रभाव पड़ा जो उस इकाई द्वारा उत्पादित रसायनों पर निर्भर थे ।

इस मुद्दे को संभालने के उत्तरदायित्व सौंपे गए एक वरिष्ठ अधिकारी होने के नाते, आप इस उत्तरदायित्व का निर्वहन किस प्रकार करेंगे ? (250 शब्द)

A big corporate house is engaged in manufacturing industrial chemicals on a large scale. It proposes to set up an additional unit. Many States rejected its proposal due to detrimental effect on the environment. But one State government acceded to the request and permitted the unit close to a city, brushing aside all opposition.

The unit was set up 10 years ago and was in full swing till recently. The pollution caused by the industrial effluents was affecting the land, water and crops in the area. It was also causing serious health problems to human beings and animals. This gave rise to a series of agitations demanding the closure of the plant. In a recent agitation thousands of people took part, creating a law and order problem necessitating stern police action. Following the public outcry, the State government ordered the closure of the factory.

The closure of the factory resulted in the unemployment of not only those workers who were engaged in the factory but also those who were working in the ancillary units. It also very badly affected those industries which depended on the chemicals manufactured by it.

As a senior officer entrusted with the responsibility of handling this issue, how are you going to address it ? (250 words) 20

WRAP Exams

**Q11.** डॉ. 'एक्स' शहर के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक हैं । उन्होंने एक धर्मार्थ न्यास स्थापित कर लिया है जिसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, वे एक उच्च-विशेषज्ञता अस्पताल स्थापित करना चाहते हैं । संयोग से, राज्य के उस क्षेत्र की वर्षों से उपेक्षा रही है । प्रस्तावित अस्पताल उस क्षेत्र के लिए एक वरदान साबित होगा ।

आप उस क्षेत्र की कर अन्वेषण इकाई के प्रमुख हैं । डॉक्टर के क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान आपके अधिकारियों को कुछ बड़ी अनियमितताएँ ज्ञात हुई हैं । उनमें से कुछ बहुत गंभीर हैं जिनके कारण बड़ी मात्रा में करों से प्राप्य धनराशि रुकी रही, जिसका भुगतान डॉक्टर को अब करना चाहिए । डॉक्टर सहयोग के लिए तैयार है । वे तुरंत कर की राशि को अदा करने का वायदा करते हैं ।

लेकिन उनके कर भुगतान में कुछ और भी ख़ामियाँ हैं जो पूर्ण रूप से तकनीकी हैं । यदि अभिकरण द्वारा इन तकनीकी ख़ामियों का पीछा किया जाता है, तो डॉक्टर का बहुत सारा समय और उसकी ऊर्जा कुछ ऐसे मुद्दों की तरफ मुड़ जाएगी जो न तो बहुत गंभीर हैं, न ही अत्यावश्यक और न ही कर भुगतान कराने में सहायक हैं । इसके अतिरिक्त, पूरी संभावना है कि इसके कारण अस्पताल के खोले जाने की प्रक्रिया भी बाधित होगी ।

आपके समक्ष दो विकल्प हैं :

(i) व्यापक दृष्टिकोण रखते हुए, अधिकाधिक कर भुगतान अनुपालन सुनिश्चित करें और ऐसी कमियों को नज़रअंदाज़ करें जो केवल तकनीकी प्रकृति की हों ।

(ii) मामले को सख़्ती से देखें और सभी पहलुओं पर आगे बढ़ें, चाहे वे गंभीर हों या केवल तकनीकी ।

कर अभिकरण के प्रमुख होने के नाते, आप कौन-से कार्य दिशा का विकल्प अपनाएँगे और क्यों ? (250 शब्द)

Dr. X is a leading medical practitioner in a city. He has set up a charitable trust through which he plans to establish a super-speciality hospital in the city to cater to the medical needs of all sections of the society. Incidentally, that part of the State had been neglected over the years. The proposed hospital would be a boon for the region.

You are heading the tax investigation agency of that region. During an inspection of the doctor's clinic, your officers have found out some major irregularities. A few of them are substantial which had resulted in considerable withholding of tax that should be paid by him now. The doctor is cooperative. He undertakes to pay the tax immediately.

However, there are certain other deficiencies in his tax compliance which are purely technical in nature. If these technical defaults are pursued by the agency, considerable time and energy of the doctor will be diverted to issues which are not so serious, urgent or even helpful to the tax collection process. Further, in all probability, it will hamper the prospects of the hospital coming up.

There are two options before you :

(i) Taking a broader view, ensure substantial tax compliance and ignore defaults that are merely technical in nature.

(ii) Pursue the matter strictly and proceed on all fronts, whether substantial or merely technical.

As the head of the tax agency, which course of action will you opt for and why ?

(250 words) *20*

**Q12.** एडवर्ड स्नोडन, एक कंप्यूटर विशेषज्ञ तथा सी.आई.ए. के पूर्व व्यवस्था प्रशासक, ने सरकार के निगरानी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बारे में गोपनीय सरकारी दस्तावेज़ों का खुलासा प्रेस को कर दिया । अनेक विधि विशेषज्ञों और अमेरिकी सरकार के अनुसार, उसके इस कार्य से गुप्तचर्या अधिनियम 1917 का उल्लंघन हुआ है, जिसके अंतर्गत राज्य गुप्त बातों का सार्वजनीकरण राजद्रोह माना जाता है । इसके बावजूद कि स्नोडन ने कानून तोड़ा था, उसने तर्क दिया कि ऐसा करना उसका एक नैतिक दायित्व था । उसने अपने "जानकारी सार्वजनिक करने को (व्हिसल ब्लोइंग)" यह कह कर उचित ठहराया कि "जनता को यह सूचना देना कि उसके नाम पर क्या किया जाता है और उसके विरुद्ध क्या किया जाता है", बताना उसका कर्तव्य है ।

स्नोडन के अनुसार, सरकार द्वारा निजता के उल्लंघन को वैधानिकता की परवाह किए बिना उसको उजागर करना चाहिए क्योंकि इसमें सामाजिक क्रिया तथा सार्वजनिक नैतिकता के अधिक महत्त्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं । अनेक व्यक्ति स्नोडन से सहमत थे । केवल कुछ ने यह तर्क दिए कि स्नोडन ने कानून तोड़ा है और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता किया है, जिसके लिए उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए ।

क्या आप इससे सहमत हैं कि स्नोडन का कार्य कानूनी रूप से प्रतिबंधित होते हुए भी नैतिकता की दृष्टि से उचित था ? क्यों या क्यों नहीं ? इस विषय में परस्पर स्पर्धी मूल्यों को तोलते हुए अपना तर्क दीजिए । (250 शब्द)

Edward Snowden, a computer expert and former CIA systems administrator, released confidential Government documents to the press about the existence of Government surveillance programmes. According to many legal experts and the US Government, his actions violated the Espionage Act of 1917, which identified the leak of State secrets as an act of treason. Yet, despite the fact that he broke the law, Snowden argued that he had a moral obligation to act. He gave a justification for his "whistle blowing" by stating that he had a duty "to inform the public as to that which is done in their name and that which is done against them."

According to Snowden, the Government's violation of privacy had to be exposed regardless of legality since more substantive issues of social action and public morality were involved here. Many agreed with Snowden. Few argued that he broke the law and compromised national security, for which he should be held accountable.

Do you agree that Snowden's actions were ethically justified even if legally prohibited ? Why or why not ? Make an argument by weighing the competing values in this case. (250 words) *20*



WRAP Exams